प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 22.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **उड़ान योजना के तहत नौ वर्षों में 3 लाख 23 हजार उड़ानों से 1 करोड़ 56 लाख यात्रियों ने की यात्रा, नागर विमानन सचिव ने कहा – हवाई यात्रा को सुलभ और किफायती बनाने में योजना रही सफल।**
2. **सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर सहित विभिन्न अभियानों में बहादुरी दिखाने वाले सैनिकों को वीरता पुरस्कार प्रशस्ति पत्र देने की अधिसूचना की जारी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कुल 167 पुरस्कारों को दी मंजूरी।**
3. **छठ महापर्व के मद्देनजर राज्य के विभिन्न जिलों में तैयारी जारी, विभिन्न छठ घाटों पर सुरक्षा और समुचित व्यवस्था को दिया जा रहा अंतिम रूप।**
4. **गोवर्धन पूजा के अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं, भगवान श्रीकृष्ण से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।**

और

5. **साउथ एशियन गेम्स के उद्घाटन समारोह में होगा वि□श छऊ नृत्य का प्रदर्शन, सरायकेला के प्रसिद्ध मुखौटेकार बना रहे वि□श छऊ मुखौटे।**

****

नागर विमानन मंत्रालय ने कहा है कि क्षेत्रीय संपर्क योजना – उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) ने नौ वर्षों में तीन लाख 23 हजार उड़ानों के माध्यम से एक करोड़ 56 लाख से अधिक यात्रियों को सुविधा प्रदान की है। राष्ट्रीय नागर विमानन नीति के अंतर्गत 21 अक्तूबर 2016 को उड़ान योजना की शुरूआत की गई थी। योजना की 9वीं वर्षगांठ के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, नागर विमानन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उड़ान एक परिवर्तनकारी पहल रही है जिसका उद्देश्य आम नागरिकों के लिए हवाई यात्रा को किफ़ायती और सुलभ बनाना है।

****

सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर सहित विभिन्न अभियानों के दौरान अदम्य साहसिक कार्यों के लिए रक्षा कर्मियों को वीरता पुरस्कार प्रशस्ति पत्र प्रदान करने लिए राजपत्र अधिसूचना जारी की है। राजपत्र में शामिल प्रशस्ति पत्र वायु सेना और थल सेना के कर्मियों के लिए हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कर्मियों के लिए 127 वीरता पुरस्कारों और 40 विशिष्ट सेवा पुरस्कारों को मंजूरी दी थी।

****

आगामी छठ पर्व की तैयारी को लेकर हजारीबाग में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने अधिकारियों और सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर छठ तालाब पर सफाई अभियान चलाया। दो घंटे चले इस अभियान में नगर निगम कर्मियों और स्थानीय लोगों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। मौके पर उपायुक्त ने लोगों से अपील की कि जल स्रोतों को स्वच्छ रखने में सभी अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

****

इधर रामगढ़ में आगामी छठ महापर्व को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी की अध्यक्षता में अधिकारियों और छठ पूजा समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में छठ घाटों की साफ–सफाई, लाइटिंग और रास्तों की मरम्मती के निर्देश दिए गए। साथ ही मत्स्य विभाग को प्रमुख घाटों पर नाव, गोताखोर और लाइफ जैकेट की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गृहमंत्री अमित शाह को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि श्री अमित शाह लोक सेवा के प्रति समर्पण और कठिन परिश्रम के लिए जाने जाते हैं। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी अपने एक्स हैंडल पर गृह मंत्री अमित शाह को जन्मदिन की बधाई दी है।

****

आज देश के विभिन्न हिस्सों में गोवर्धन पूजा का त्योहार मनाया जा रहा है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने एक्स हैंडल के माध्यम से कामना की कि भगवान श्रीकृष्ण सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करें।

****

लोहरदगा जिले मे राज्य के विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों को स्वरोजगार द्वारा स्वावलंबी बनाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 17 हजार रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 82 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

- सिमडेगा में मुख्य पथ पर कल देर रात तीन दुकानों में भीषण आग लगने से एक होटल, फर्नीचर और स्टेशनरी की दुकान जल गई। स्थानीय लोगों और अग्निशमन दल की मदद से आग पर काबू पाया गया।
- जमशेदपुर के सीतारामडेरा थाना क्षेत्र में एक नौ वर्षीय बच्ची के साथ अशोभनीय हरकत करने के आरोप में घाघीडीह जेल के कक्षपाल संजय कुमार सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी कुमार शिवशीष ने जानकारी दी कि मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं।

****

मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न जिलों में 24 से 27 अक्टूबर तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार दक्षिणी जिले जैसे पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला–खरसावां में बारिश की अधिक संभावना है। पिछले 24 घंटों में चाईबासा में सर्वाधिक तापमान 34.4 डिग्री और गुमला में न्यूनतम 16.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

****

सरायकेला के प्रसिद्ध मुखौटेकार सुशांत महापात्र और उनके पुत्र सुमित महापात्र द्वारा रांची में होने वाले साउथ एशियन गेम्स की स्टार्टअप सेरेमनी के लिए पांच विशेष छऊ मुखौटे तैयार किए जा रहे हैं। सुशांत महापात्र ने बताया कि 24 अक्टूबर को मोरहाबादी स्टेडियम में होने वाले उद्घाटन समारोह में इन मुखौटों के साथ सरायकेला छऊ नृत्य का प्रदर्शन होगा।

*******समाप्त**************